DR. C. M. RAMESH (ANAKAPALLE): There is no doubt that GOI is providing world-class highways and these roads are helping in galloping country's growth to touch US$ 5 trillion and become 3rd largest economy in the world. But, on some NH stretches, be it at intersections or short/long sections or bridges, etc., we have black spots. MoRTH defined black spot as 500-meter stretch of road where there have been five or more road accidents with ten fatalities or serious injuries in last three years. In my Anakapalli Lok Sabha Constituency of Andhra Pradesh there are about 40 black spots on NHs passing through this district. Presence of black spots is really terrifying people travelling through these stretches as they are worried of road crashes resulting in fatalities or injuries. Hence, I appeal the Minister of Road Transport and Highways to undertake special drive to remove all black spots on National Highways passing through/within Anakapalli district.

(ends)

Re: Need to set up a Textile Park in Bhilwara, Rajasthan under PM MITRA Scheme

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) : मेरी लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा एक सुविख्यात वस्त्र व्यापार का केंद्र होकर मैनचेस्टर ऑफ़ इंडिया कहलाता है जिसमे प्रति माह 9 करोड़ मीटर कपडा उत्पादन, 50,000 से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला, 30 हज़ार करोड़ रूपये का सालाना टर्नओवर एवं 6,000 करोड़ रूपये का वार्षिक निर्यात होता है | 2022-23 के केंद्रीय बजट में पीएम मित्रा योजना के तहत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का प्रावधान किया गया, परन्तु तत्कालीन राज्य सरकार ने ऐसी जगह का प्रस्ताव भेजा जो कि तकनीकी रूप से फिजिबल नहीं होने के कारण निरस्त हो गया। राज्य सरकार ने भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की इच्छा से 1293 बीघा जमीन आवंटित कर रिज़र्व भी कर दी है | मेरा केंद्र सरकार से आग्रहपूर्वक निवेदन है कि आने वाले बजट में पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल पार्क के प्रावधान की घोषणा करे, ताकि वस्त्र नगरी भीलवाड़ा की बहुप्रतीक्षित टेक्सटाइल पार्क की योजना धरातल पर उतर सके।, टेक्सटाइल पार्क के स्थापित होने से इस क्षेत्र में नए व्यापार और रोज़गार का सृजन होगा और निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

(इति)

Re: Need to fill up the abandoned limestone mines in Satna Parliamentary Constituency

श्री गणेश सिंह (सतना) : मैं सरकार का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय जो खदानों से संबंधित है, उसकी ओर दिलाना चाहता हूँ। देश भर में खनिज एवं मिनरल्स निकाले जाते हैं, लेकिन खनन के बाद जो बड़े आकार के गढ्ढे बन जाते हैं, आये दिन इन गड्ढ़ों की वजह से बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, न तो जिम्मेदार निजी कम्पनियां और न तो प्रशासन का ध्यान इन गड्ढ़ों पर जाता है, जिससे कि गड्ढे समय से भरे जा सकें। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना (मध्य प्रदेश) में भी प्रचुर मात्रा में लाइम स्टोन की खदानें हैं, जहाँ पर बड़े-बड़े गढ्ढे हैं, जिनकी फिलिंग नही कराई गई है। अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि मंत्रालय द्वारा निजी कम्पनियों को कड़े निर्देश जारी किया जाना चाहिये कि खदानों की फिलिंग जल्द से जल्द करायी जाय, साथ ही स्थानीय प्रशासन को भी इसके बारे में अवगत कराकर निजी कम्पनियों से जल्द से जल्द गड्ढ़ों को भराने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिये।

(इति)

Re : Need to grant additional e-buses to Bengaluru under PM e-Bus Sewa Scheme

SHRI P. C. MOHAN (BANGALORE CENTRAL): I rise to bring to the attention of this august House the urgent need for granting additional e-buses to Bengaluru under the PM e-Bus Sewa scheme. Bengaluru is home to over 13 million residents and faces severe traffic congestion and alarming levels of air pollution. The city currently possesses only 6,500 buses, including 1,231 non-AC electric buses. Of these, 90 e-buses were leased under the Smart Cities Mission, and 300 buses are set to join the fleet through the central scheme. However, this is far from adequate to meet the city ' s growing demand for sustainable and efficient public transport. Bengaluru requires an additional 2,500 e-buses to provide last-mile connectivity, reduce reliance on private vehicles, and address environmental concerns. I urge the Union Government to prioritize Bengaluru's application under the PM e-Bus Sewa scheme and expedite the allocation of the required 2,500 e-buses. This move will not only bolster public transport but also significantly contribute to the nation' s green mobility goals under the National Electric Mobility Mission.

(ends)

Re: Need to establish Agriculture University in Seoni, Madhya Pradesh

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) : मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट (मध्य प्रदेश) अंतर्गत सिवनी में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। सिवनी का अधिकांश भाग कृषि पर निर्भर है, और यहां के किसान, विशेष रूप से महिलाएं, कृषि कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं। हालांकि, इस क्षेत्र में कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण की भारी कमी है, जो किसानों की क्षमता को पूरी तरह से विकसित करने में एक बाधा है। आज के आधुनिक समय में कृषि से जुड़ी नई तकनीकों, उन्नत पद्धतियों और वैज्ञानिक जानकारी का होना आवश्यक है। यदि हम अपने किसानों, विशेषकर महिलाओं को सही मार्गदर्शन और शिक्षा प्रदान करें, तो न केवल उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि वे आर्थिक दृष्टि से भी सशक्त होंगे। कृषि महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को उच्च स्तरीय शिक्षा का अवसर मिलेगा, और महिला किसानों को सशक्त बनाने में भी मदद मिलेगी। यह कदम न केवल हमारे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि कृषि क्षेत्र में समृद्धि भी लाएगा। मैं इस सदन से निवेदन करती हूं कि सिवनी में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

(इति)

Re: Need to streamline the process of concessional loans for installation of Solar Panel by rural beneficiaries under PM Surya Ghar Yojana

SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN): I draw the attention of the House to a critical issue affecting the effective implementation of the PM Surya Ghar Yojana. This ambitious scheme seeks to promote solar energy adoption and provide affordable electricity to citizens, with a particular focus on rural beneficiaries like those of Jhalawar-Baran through subsidies and concessional loans. However, procedural delays by banks are causing significant disruptions. Many applicants face loan rejections due to challenges with income proofs, credit scores, and other documentation requirements. These hurdles are undermining the scheme's progress, despite the government's timely disbursement of subsidies. Furthermore, the recent imposition of an anti-dumping duty ranging from $565 to $677 per metric ton on solar glass imports from China and Vietnam has led to a ₹2 to ₹3 per watt increase in solar panel costs. This surge in prices negatively impacts the solar industry and may discourage the widespread adoption of solar energy. I urge the Government to address these challenges by streamlining loan documentation requirements, ensuring banks expedite loan processing, and reconsidering the anti-dumping duty. These measures are crucial to realizing the scheme's objectives and fostering a cleaner, more sustainable energy future for our country.

(ends)

Re: Need for approval of proposed railway line project from Harichandanpur to Dhamra *via* Anandpur in Odisha

SHRI ANANTA NAYAK (KEONJHAR): A long-standing need of the culturally and intellectually rich Anandpur Sub-Division of my Parliamentary Constituency, Keonjhar, remains unfulfilled due to the lack of railway connectivity. This tribal-dominated and mineral-rich region has been left as a no-industry zone, resulting in large-scale unemployment. The proposed Harichandanpur to Dhamra railway line via Anandpur can transform the region by enabling industrialization, reducing transportation costs of minerals such as iron, manganese, and chromite ores, and easing traffic congestion on roads. This railway connection will also provide a much-needed boost to tourism infrastructure by improving access to popular sites like Maa Tarini Temple, Gundichaghagi Waterfall, Daragudishila Picnic Spot, Hadgarh Ecotourism Centre, and Chakratirtha Cave. Currently, many visitors are unable to experience these attractions due to poor connectivity. Furthermore, the proposed railway line will serve as a cost-effective and efficient mode for transporting minerals from the mines to Dhamra Port, thereby contributing significantly to the region's economic development and reducing road congestion. I urge the Ministry of Railways to prioritize the approval and implementation of this project to fulfill the aspirations of the local population and boost industrial, tourism, and economic growth in Keonjhar.

(ends)

Re: Need to include 'Hatya Haran' a religious place in Misrikh Parliamentary Constituency in Ramayan Circuit

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख) : केंद्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश भर में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण पर ध्यान देते हुए रामायण सर्किट के विकास के लिए तेजी से कार्य प्रारंभ किया है और 'रामायण सर्किट' यानि भगवान श्री राम से जुड़े प्रमुख स्थानों को एक साथ जोड़ने की योजना बनाई है। जिसमें देश के कई राज्यों के उन 15 स्थान को चुना गया है जहां से श्री राम गुजरे थे। उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में बालामऊ विधानसभा क्षेत्र में स्थित हत्या हरण कुंड एक प्रमुख धार्मिक स्थल है । यहां स्थित हत्या हरण कुंड श्री भगवान श्री राम से गहरा ताल्लुक रखता है। अतः सरकार से अनुरोध है कि जिस प्रकार से राज्य के अयोध्या, श्रृंगवेरकर, चित्रकूट, नंदीग्राम एवं देश के दूसरे राज्यों के अन्य स्थल जो भगवान श्री राम से जुड़े हुए हैं, का रामायण सर्किट योजना में चयन किया गया है, उसी प्रकार से हत्या हरण धार्मिक स्थल को भी इस योजना में शामिल किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए।

(इति)

Re: Need to investigate into alleged irregularities in implementation of Har Ghar Jal Projects in Darjeeling and Kalimpong districts in West Bengal

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): For decades, our region Darjeeling hills, Terai and Dooars region was neglected, discriminated against and kept deliberately deprived. However, I am happy to report that the Central Government has initiated project worth over Rs 60,000 crore in our region. The Central Govt has allocated Rs 3500 crore for Jal Jeevan Mission – Har Ghar Jal project for Darjeeling Lok Sabha constituency alone. I am thankful for this. However, I am troubled and sad to report that till now, out of this Rs 3500 crore allocated funds, work has not been done even for Rs 350 crore. Sir, the Har Ghar Jal Project is yet to be implemented properly. Particularly in Darjeeling and Kalimpong districts, no work is going on in appropriate manner in any of the 'Jal Jeevan Mission' projects. I have myself visited various parts of constituency extensively and witnessed the shoddy work being undertaken first hand. In addition, I have received over 100 complaints from across the constituency accompanied with pictures and videos highlighting the shoddy work being undertaken. I request the Govt to send a Central Team to monitor and investigate the allegations of irregularities in Har Ghar Jal projects in Darjeeling and Kalimpong districts.

(ends)

Re: Need to establish Agriculture University in Shahjahanpur district, Uttar Pradesh

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर, जो एक अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है, में गन्ना, गेहूं, धान और आलू की प्रमुख रूप से खेती होती है और फलों में आम व अमरूद की भी काफी उपज है।

मुझे क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विगत काफी समय से स्थानीय लोग शाहजहांपुर जनपद में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कराए जाने हेतु अनुरोध कर रहे हैं। यह सही है कि यहाँ पर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने से युवाओं को कृषि की बारीकियां मालूम हो सकेगी और वे कौशलयुक्त बन सकेंगे और साथ ही चूँकि, बरेली मंडल में कहीं भी कृषि विश्वविद्यालय नहीं है, इसलिए शाहजहांपुर के निकटवर्ती कृषि प्रधान जिलों को भी इसका भरपूर लाभ मिल सकेगा।

अत मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह शाहजहांपुर जनपद के पुवायां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खुटार, जो गन्ना एवं धान की बंपर उपज के लिए पहचाने जाते हैं, मैं एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने हेतु सकारात्मक कदम उठाए।

(इति)

Re: Need for adequate funds for beautification and maintenance of Barabati Fort of Cuttack in Odisha

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Barabati Fort of Cuttack, the citadel of Utkal for hundreds of years is lying neglected. It was constructed 1000 years back in the Eleventh Century and has been witnessed to many upheavals in history. Abul Fazal has in Ain-i-Akbari stated Gajapati King Mukunda Deva reconstructed Barabati Fort which was nine-storied palace. Though it is a protected monument and ASI is in possession yet not much steps are being taken to restore it and develop it into a tourist spot. The gorge that surrounds the Fort is in utter neglect. The Interpretation Centre, newly constructed in the Fort area has not been opened. I urge upon the Government to grant adequate funds for beautification, maintenance of the Fort area and to desilt the gorge along with construction of the stone- walling of the gorge that encircles the Fort at the earliest to protect it from further decay.

(ends)

Re: Need to formulate policies for sustainable repurposing of opencast mine voids with fly ash

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): I would like to highlight one significant issue surrounding open-cast mine voids and their potential for repurposing. Neglected mine voids, left unmanaged by mining companies, pose significant social, environmental, and governance challenges. These voids deprive communities of land that could be utilized for livelihood opportunities or public welfare. A viable solution lies in repurposing these voids for fly ash disposal. Odisha, with approximately 20 GW of operational coal-based thermal power plants and an additional 10 GW in the pipeline, faces a steep increase in coal consumption—from 150 MMT to 220 MMT annually—leading to a surge in ash generation from 55 MMT to 85 MMT per year. The Ministry of Environment, Forest and Climate Change mandates 100% ash utilization, yet limited avenues for sustainable use create compliance challenges, with penalties of ₹1,000 per metric ton potentially increasing power costs. Repurposing open-cast mine voids offers a dual benefit: effective ash utilization and development of renewable energy infrastructure, aiding compliance with Renewable Generation Obligations (RGO) set by the Ministry of Power. I urge the Government to formulate policies for the sustainable repurposing of mine voids, enabling states like Odisha to manage ash effectively while fostering renewable energy development for a sustainable energy future.

(ends)

Re: Need to make a comprehensive policy to address death and injuries caused due to snakebite

SHRI RAMASAHAYAM RAGHURAM REDDY (KHAMMAM): I rise to highlight the urgent and under-addressed public health crisis of snakebite envenomation, which disproportionately affects rural and vulnerable communities. India accounts for nearly 60% of global snakebite deaths, with 58,000 fatalities and 200,000 disabilities annually, as per WHO. Rural areas like Telangana, Bihar, Odisha, and Tamil Nadu face acute challenges, including limited access to healthcare, poor emergency infrastructure, and antivenom shortages. Victims, primarily farmers and labourers, suffer economic losses, perpetuating poverty. Key actions include equipping healthcare centres with antivenom and trained personnel, improving transportation, boosting antivenom production, and conducting community awareness programs. A National Action Plan aligned with WHO's strategy and a dedicated budget are essential. Hence, I request the Hon'ble Minister for Health and family welfare to initiate a Comprehensive data collection through a national registry to guide effective policy-making. Let us prioritize this issue to save lives and support vulnerable families.

(ends)

Re: Need to release funds for construction of ROB at Level Crossing No. 265 in Jhunjhunu city, Rajasthan

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला (झुन्झुनू) : मैं सरकार का ध्यान एक महत्त्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत झुंझुनूं शहर से स्टेट हाइवे-8 गुजर रहा है। इस स्टेट हाइवे पर रेलवे क्रॉसिंग नंबर 265 स्थित है। इस रेलवे क्रॉसिंग 265 पर रेलवे और राजस्थान सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आरओबी (rob) का निर्माण कार्य शुरु किया गया था। लेकिन रेलवे द्वारा अपने हिस्सा का बजट नहीं देने के कारण यह कार्य अभी रुका हुआ है जिससे आमजन को आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए क्षेत्र वासियों की परेशानियों को देखते हुए माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वो रेलवे क्रॉसिंग नंबर 265 पर निर्माणाधीन कार्य के लिए रेलवे के हिस्से का बजट अतिशीघ्र जारी करने की कृपा करें जिससे यह कार्य पुनः शुरु हो सके और क्षेत्र वासियों को हो रही परेशानी से उनको निजात मिल सके।

(इति)

Re: Need to address the problems faced by labourers under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme

श्री हरीश चंद्र मीना (टोंक-सवाई माधोपुर) : मैं सरकार का ध्यान देश एवं विशेषकर राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे मनरेगा मजदूरों की समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी को कम करना और गरीबों को रोजगार का अधिकार देना है। लेकिन इस योजना के क्रियान्वयन में अनेक गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। आज मजदूरों को उनका मेहनताना समय पर नहीं मिल रहा। कई राज्यों में मजदूरी के भुगतान में महीनों की देरी हो रही है। मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य समय पर न मिलना, उनके परिवारों की आजीविका पर भारी असर डाल रहा है। इस योजना में भ्रष्टाचार एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। बिचौलिए और स्थानीय अधिकारी मजदूरों का हक मार रहे हैं। फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मजदूरों के नाम पर धन का गबन किया जा रहा है। मजदूरी की दरें आज भी कई जगहों पर न्यूनतम मजदूरी से कम हैं। इसके अलावा, काम के लिए जरूरी औजार, पानी, और स्वास्थ्य सेवाएं भी पर्याप्त नहीं हैं। मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं है, यह गरीब ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा है। सरकार को इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

(इति)

Re: Need to increase allocation under MPLAD Scheme

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): The MPLADS allocation has remained stagnant despite a significant rise in inflation and cost index over the years. This has made the current funds inadequate to meet the growing development needs of our constituencies. Many constituencies, including Chalakudy Parliamentary Constituency, comprise more than seven Assembly segments, making it challenging to equitably allocate resources, leaving critical needs unmet. Moreover, the scope of MPLADS projects has expanded to include infrastructure, education, healthcare, and disaster management, further straining the limited allocation. Increasing MPLADS funds is crucial for ensuring faster and inclusive development, particularly in geographically vast and socio-economically disadvantaged regions. MPLADS also strengthens the bond between MPs and their constituents by addressing local issues effectively. I urge the Government to immediately revise and increase the MPLADS allocation, considering the rising cost index and expanded responsibilities, to ensure equitable and sustainable development.

(ends)

Re: Wild boars menace in various districts of Tamil Nadu

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): I rise today to bring attention to the critical issue of the wild boar menace in Tamil Nadu's agricultural regions, specifically in Ramanathapuram, Sivagangai, and Virudhunagar districts, and to draw a parallel with a similar situation in Uttarakhand. The unchecked overpopulation of wild boars outside forest areas is wreaking havoc on crops and threatening the safety of human lives and property. Farmers in these districts are suffering enormous financial losses, with reports of extensive damage to crops like paddy, sugarcane, and groundnuts, especially during harvest seasons. In Uttarakhand, the Forest Department has already proposed to the Centre to declare wild boars as vermin under Section 62 of the Wildlife Protection Act, 1972. This declaration would allow the culling of wild boars without permission, aiming to mitigate the damage caused to agriculture and protect human lives. I urge the Minister of Environment, Forest and Climate Change to consider implementing a similar solution for Tamil Nadu and other affected regions, allowing farmers to deal with this growing menace effectively. I request immediate intervention from the Government to provide compensation to farmers who have suffered due to the wild boar damage and implement protective measures such as fencing or relocation strategies to safeguard their livelihoods.

(ends)

Re: Need to expedite recruitment process for appointment to the posts of Draughtsman and Barrack Store Supervisor in Military Engineering Services

श्री राजीव राय (घोसी) : केंद्र सरकार द्वारा देश के युवाओं को दिए जाने वाले रोजगार की समग्र स्थिति अपने ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। वास्तव में रोजगार से संबंधित सरकार द्वारा कुछ चौंकाने वाले निर्णय रिपोर्ट किए जा रहे हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। वर्ष 2021 में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (रक्षा मंत्रालय) द्वारा बैरक स्टोर सुपरवाइजर एवं ड्राफ्ट्समैन पद की संयुक्त वैकेंसी आयी थी, जिसकी परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन का कार्य दिसंबर 2021 में पूर्ण हो गया था।

आरटीआई के जवाब में यह बताया गया कि दस्तावेज सत्यापन के आठ सप्ताह के बाद नियुक्ति जारी कर दी जाएगी। किंतु हैरानी की बात यह है कि इस परीक्षा की सारी प्रक्रिया की विवाद रहित होते हुए भी दस्तावेज सत्यापन के तीन वर्ष छह माह से अधिक का समय बीत जाने के उपरांत आज तक नियुक्ति जारी नहीं की गई। यहाँ तक कि विभाग के द्वारा इस संबंध में आफिशियल वेबसाइट पर कोई सूचना भी जारी नहीं की गई। विभाग एवं मंत्रालय के इस रवैये से सभी अभ्यर्थी दिग्भ्रमित एवं अंधकारमय भविष्य को लेकर चिंतित एवं कुंठित हैं। अत: इस सदन के माध्यम से रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि यथोचित कार्रवाई करने का निर्देश जारी करे ताकि इन युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके।

(इति)

Re: Damage to coconut plants due to attack of Black headed caterpillars in Tirupattur and Tiruvannamalai districts in Tamil Nadu

SHRI C. N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI): I wish to draw kind attention of Union Government of India towards the attack of Black Headed Caterpillar causing huge damage to coconut plants in Tirupattur & Tiruvannamalai District which comes under my Parliamentary Constituency, Tiruvannamalai, Tamil Nadu. Needless to say that coconut is the mainstay of the farmers living in Tirupattur & Tiruvannamalai District. Coconut is cultivated in the area covering 10,600 hectares of land, by 5800 farmers, thereby producing 954 lakhs nuts per year only in Tirupattur District. It is due to the above mention pest attack the coconut production is being drastically reduced. Therefore, I request Hon'ble Union Minister for Agriculture and Farmers Welfare to take necessary action to regulate the pest attack and also to give adequate compensation to the farmers at the earliest.

(ends)

Re: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Kallakurichi Parliamentary Constituency

SHRI MALAIYARASAN D. (KALLAKURICHI): Kallakurichi Lok Sabha Constituency is one of the 39 Lok Sabha constituencies in Tamil Nadu . It is unfortunate that this constituency does not have even a single Kendriya Vidyalaya so far. The total tribal population in Tamil Nadu is about 8 Lakh. Out of this, nearly 25% ie., 2 Lakh tribal people live in my Kallakurichi Parliamentary Constituency. They are traditional inhabitants of Kalvarayan Hills, Chinna Kalvarayan Hills, Shervaroys Hills and Pachamalai Hills of the Eastern Ghats. More than 60 per cent of the tribal people are living below poverty line. Article 46 of the Constitution requires the State to promote with special care, the educational and economic interests of the weaker sections of the people and in particular the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. To improve the literacy rate and educational standards of the tribal students especially the girls, Government of Tamil Nadu is running many schools. In order to provide quality CBSE system of education and to make tribal students match with the students in cities and towns, they require Kendriya Vidyalayas. Therefore, I urge upon the Union Minister of Education to take necessary steps for opening of a Kendriya Vidyalaya in my Kallakurichi Parliamentary Constituency.

(ends)

Re: Need to restore the original course of rivers Jeeta Dhar and Khando flowing in Bihar

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल जिला अंतर्गत निर्मली प्रखंड के कुनौली बाजार नेपाल सीमा के समीप अवस्थित है। नेपाल से आने वाली जीता धार एवं खांडो नदी भारत नेपाल सीमा के नो MANS LAND से होकर बिहार प्रदेश के सुपौल जिला के कुनौली पंचायत में प्रवेश करती है। उक्त दोनों नदिया अपने पुराने मार्ग को छोड़कर कुनौली पंचायत के कृषि योग्य भूमि एवं बाजार को प्रभावित करते हुए बहने लगी है जिससे सटे हुए कुनौली पंचायत, कमालपुर एवं डागमारा पंचायत के समग्र क्षेत्र को बाढ़ अवधि में बुरी तरह प्रभावित करती है जिससे जनजीवन एवं जानमाल को हर वर्ष काफी क्षति होती है। भीषण तबाही एवं नुकसान को बचाने हेतु बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा नदी की पुरानी धारा को पुनर्जीवित करने हेतु डी पी आर तैयार कर भारत सरकार के केंद्रीय जल आयोग को समर्पित किया जा चुका है। केंद्रीय जल आयोग, भारत सरकार के द्वारा इस योजना की स्वीकृति के लिए नेपाल सरकार का एन ओ सी अपेक्षित है। मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करता हूँ कि जनहित में अतिशीघ्र नेपाल सरकार से एन ओ सी उपलब्ध कराया जाय जिससे उक्त परियोजना का कार्य यथाशीघ्र शुरू किया जा सके।

(इति)

Re: Need to expedite construction of ROBs/RUBs in Machilipatnam and Vijayawada Divisions of South Central Railway in Andhra Pradesh

SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI (MACHILIPATNAM): Railways taken up removing all Level Crossings as a challenge and has been able to make a considerable progress in constructing ROBs/RUBs in the country. But, it is a fact that increasing traffic at LCs where earlier traffic used to be at manageable level now becoming unmanageable and become hurdles for seamless traffic. There are a few of such LCs fall in Machilipatnam and Vijayawada Division of SCR. SSE/P.Way/MTM, Machilipatnam, Vijayawada Division of SCR, after detailed review, found LC NOs. 09 (Ramavarappadu Gate), 12 (Gudlavalleru College Gate), 14 (Nidamanuru Gate), 16 (Gudalli Gate), 20 (Uppaluru Gate), 32 (Pedana Main Gaate), 38 (Chilakalapudi Gate), 43 (Medical College Gate), 44 (Gilkaladindi Gate) & 51(KTR College Gate) needs to be provided with ROBs. These fall under GDV-MTM Stations and Ramavarappadu and Gudivada Stations. Hence, I request Hon. Minister of Railway to take up these ROBs as they are very important for smooth flow of traffic early.

(ends)

Re: Need to provide compensation for land acquired for Green Field Highway along NH 744 in Kollam Parliamentary Constituency

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Land acquisition for Green Field Highway along NH 744 in my Parliamentary Constituency Kollam is standstill. The land acquisition process is not progressing. The 3A notification with regard to certain villages was expired. The construction and transaction of land were become idle due to the notification. The compensation for land acquisition is not yet released due to the lack of funds. There is administrative delay between Central Government and Government of Kerala regarding exemption of GST and royalty. Kerala Government decided to give exemption. It is reliably learnt that the Union Government has not sanctioned the project till date and no final decision is taken regarding disbursement of compensation. It is highly necessary to disburse the compensation at the earliest.

(ends)

Re: Closure of Indian Drugs and Pharmaceuticals Limited (IDPL) in Hyderabad

SHRI EATALA RAJENDER (MALKAJGIRI): I would like to draw your kind attention towards the closure of several big companies like Indian Drugs and Pharmaceuticals Limited (IDPL), falling in my Parliamentary Constituency. These closures are expected to leave hundreds of workers without employment. IDPL, a prominent public sector enterprise, contributed significantly to local employment in Hyderabad. The livelihood of many people in my Parliamentary Constituency, Malkajgiri depends on these companies. Many workers are sole breadwinners and their inability to find alternative employment will directly affect their children's education, access to healthcare etc. Therefore I would urge upon the Central Government to take proactive steps to prevent their closure/winding up.

(ends)

माननीय सभापति : श्री अर्जुन राम मेघवाल जी।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The hon. Minister is replying.

… (*Interruptions*)

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : ऑनरेबल चेयरपर्सन सर, बजट के इम्पॉर्टेंट विषय पर डिस्कशन होने वाला है। … (व्यवधान) मैं माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि वे बजट पर डिस्कशन होने दें। … (व्यवधान) साढ़े तीन बजे विदेश मंत्री जी, जिस विषय पर ये एजिटेट हो रहे हैं, उसी विषय पर स्टेटमेंट देने के लिए आ रहे हैं। … (व्यवधान) विदेश मंत्री जी सुओ-मोटो स्टेटमेंट देने वाले हैं। … (व्यवधान) इसलिए, मैं अनुरोध करता हूं कि बजट पर चर्चा होने दें। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज़, आप लोग एक मिनट के लिए मेरी बात सुनिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी ने यह क्लियर किया है कि साढ़े तीन बजे माननीय विदेश मंत्री जी इस विषय पर सदन में स्टेटमेंट देंगे। … (व्यवधान) तब तक के लिए सदन चलाने में आप सहयोग कीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : साढ़े तीन बजे माननीय विदेश मंत्री जी आपके विषय के ऊपर यहां स्टेटमेंट रखेंगे। कृपया आप सदन चलाने में सहयोग कीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही तीन बजकर तीस मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

1404 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा पन्द्रह बजकर तीस मिनट तक के लिए स्थगित हुई।

(1530/CS/SMN)

1530 बजे

लोक सभा पन्द्रह बजकर तीस मिनट पर पुनः समवेत हुई।

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर – 9, डॉ. राजकुमार सांगवान जी।

प्राक्कलन समिति

विवरण

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : महोदय, मैं प्राक्कलन समिति (2024-25) के निम्नलिखित विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय से संबंधित 'खेलो इंडिया योजना के निष्पादन की समीक्षा' विषय के बारे में प्राक्क्लन समिति (2020-21) के 8वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी प्राक्कलन समिति (2022-23) के 20वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों के संबंध में सरकार द्वारा की-गई-अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(2) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित 'सीजीएचएस के अंतर्गत विभिन्न पहलों का आंकलन' विषय के बारे में प्राक्क्लन समिति (2022-23) के 21वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी प्राक्कलन समिति (2023-24) के 27वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) के अध्याय-एक और पांच में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों के संबंध में सरकार द्वारा की-गई-अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(3) ग्रामीण विकास मंत्रालय से संबंधित 'विभिन्न योजनाओं में दिशा समिति की भूमिका और निष्पादन की समीक्षा' विषय के बारे में प्राक्क्लन समिति (2022-23) के 19वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी प्राक्कलन समिति (2023-24) के 30वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों के संबंध में सरकार द्वारा की-गई-अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

माननीय अध्यक्ष : माननीय विदेश मंत्री जी।

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (DR. SUBRAHMANYAM JAISHANKAR): Hon. Speaker, Sir, I rise to apprise … (*Interruptions*)

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वहाँ कमिटमेंट हो गया था, इसलिए कर दिया। आगे से हमेशा स्टेटमेंट लोक सभा में आएगी।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय विदेश मंत्री जी।

STATEMENT RE: DEVELOPMENTS PERTAINING TO DEPORTATION OF INDIANS FROM USA

1532 hours

DR. SUBRAHMANYAM JAISHANKAR: Hon. Speaker, Sir, I rise to apprise the House of certain developments pertaining to deportation of Indians from the USA.

Sir, hon. Members are aware that people-to-people exchanges constitute the bedrock of our deepening ties with the United States. Indeed, more than any other relationship, mobility and migration has had a key role to play in enhancing its quality.

The House would also share the view of the Government that it is in our collective interest to encourage legal mobility and discourage illegal movement. In fact, illegal mobility and migration has many other associated activities, also of an illegal nature. Moreover, those of our citizens who are inveigled into illegal movement themselves become prey to other crimes. … (*Interruptions*) They are trapped into both moving and working under inhumane conditions. Members are aware that unfortunately there have been even fatalities in the course of such illegal migration. Those who have returned have also testified to their harrowing experiences.

Mr. Speaker, Sir, it is the obligation of all nations to take back their nationals, if they are found to be living illegally abroad. This is naturally subject to an unambiguous verification of their nationality. … (*Interruptions*) This is not a policy applicable to any specific country, nor indeed one only practised by India. It is a general accepted principle in international relations.

Sir, hon. Members would be aware that the process of deportation is not a new one, I repeat, the process of deportation is not a new one and has been ongoing for several years. … (*Interruptions*) I would like to share with the House the details of deportation from the United States since 2009. Their numbers year-wise, are listed in my Statement.

Year	No. of Deportees
2009	734
2010	799
2011	597
2012	530
2013	515
2014	591
2015	708
2016	1303
2017	1024
2018	1180
2019	2042
2020	1889
2021	805
2022	862
2023	617
2024	1368
2025 (Until 5 Feb)	104

Sir, these are the numbers given by our Bureau of Immigration. The numbers for 2009 to 2014 from the Department of Homeland Security is much higher.

Hon. Speaker, Sir, deportations by the United States are organized and executed by the Immigration and Customs Enforcement (ICE) authorities. The Standard Operating Procedure for deportation by aircraft used by ICE, that is effective from 2012, Sir, I repeat to you, these are procedures that came in 2012 provides for the use of restraints.

Sir, I have an American document of 2012 which lays out the restraint procedure. … (*Interruptions*). I authenticate it and now I will lay it on the Table of the House.

Sir, however, we are informed by ICE that women and children are not restrained. … (*Interruptions*)

1535 hours

(At this stage, Shri Benny Behanan, Shri Dharmendra Yadav, Shri S. Ventakesan and some other hon. Members came and stood near the Table)

Further, the needs of the deportees during transit related to food and other necessities including possible medical emergencies are attended to. During toilet breaks, deportees are temporarily unrestrained if needed in that regard.

(1535/SM/IND)

This is applicable to chartered civilian aircraft as well as military aircraft … (*Interruptions*) There has been no change from past procedure – I repeat, no change from past procedure – for the flight undertaken by the US on 5th February, 2025.… (*Interruptions*)

Sir, we are engaging the US Government to ensure that the returning deportees are not mistreated in any manner during the flight… (*Interruptions*) At the same time, the House will appreciate that our focus should be to crackdown strongly on the illegal migration industry, while taking steps to ease visas for the legitimate traveller… (*Interruptions*) On the basis of information provided by returning deportees about the agents and others involved, law enforcement agencies will take necessary preventive action.

(ends)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आपसे आग्रह है कि केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा है। आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाएं।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप केंद्रीय बजट पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं? अगर केंद्रीय बजट पर चर्चा करना चाहते हैं, तो आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाएं।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह कर रहा हूं। मैं प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि आपको जनता ने चुनकर भेजा है। आप महत्वपूर्ण बजट पर महत्वपूर्ण चर्चा कर सकते हैं, वित्तीय विषयों पर अपनी बात रख सकते हैं। अपने क्षेत्र के विकास की बात कर सकते हैं।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सामान्य बजट पर चर्चा करने से समाज में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन किस प्रकार से लाया जा सकता है, इसके बारे में आप अपने अमूल्य सुझाव दे सकते हैं। क्या आप सामान्य बजट पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही कल शुक्रवार, दिनांक 7 फरवरी, 2025 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1538 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा शुक्रवार, 07 फरवरी 2025 / 18 माघ 1946 शक के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।